| |
|---|
| दिनांक 24.08.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 35/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**एस0टी0एफ0–हत्या के अभियोग में वांछित रूपये 50,000–50,000/–के पुरस्कार घोषित दो अभियुक्त जुनैद अहमद व परवेज अहमद नागपुर सिटी (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार।**

दिनांक 24–08–2025 को एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 194/2024 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1)/351(3)/61(2)ए बीएनएस में वांछित रू0 50,000–50,000/– के पुरस्कार घोषित अभियुक्त जुनैद अहमद व परवेज अहमद को नागपुर सिटी, महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–**

1– जुनैद अहमद पुत्र स्व0 जुबैर निवासी ग्राम शिवरा, थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़।

2– परवेज अहमद पुत्र स्व0 जुबैर निवासी ग्राम शिवरा, थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़।

**गिरफ्तारी का स्थान/दिनांक व समय**

नागपुर सिटी (महाराष्ट्र)। दिनांक 24–08–2025 समय 13:15 बजे।

एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को विगत काफी दिनों से फरार/पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर आपराधिक घटनाएँ कारित करने की सूचनाएँ प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में श्री सत्यसेन यादव, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय एसटीएफ उ0प्र0/श्री शैलेश प्रताप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज के पर्यवेक्षण व निरीक्षक श्री जय प्रकाश राय एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज/निरीक्षक श्री प्रमोद एसटीएफ मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ के नेतृत्व में टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की गयी।

प्रयागराज टीम थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 194/2024 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1)/351(3)/61(2)ए बीएनएस में वांछित रू0 50,000–50,000/– के पुरस्कार घोषित अभियुक्त जुनैद अहमद व परवेज अहमद की गिरफ्तारी हेतु अभिसूचना संकलन किया जा रहा था। इस दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त जुनैद अहमद व परवेज अहमद महाराष्ट्र के नागपुर शहर में कहीं छिपकर रह रहे है। प्राप्त सूचना पर उपनिरीक्षक श्री रणेन्द्र कुमार सिंह, उ0नि0 श्री संजय सिंह, मुख्य आरक्षी अश्वनी सिंह, मुख्य आरक्षी किशन चन्द्र व मुख्य आरक्षी चालक रामलखन पाल की टीम द्वारा नागपुर शहर, महाराष्ट्र पहुॅचकर अभिसूचना संकलन कर अभियुक्त जुनैद अहमद व परवेज अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त जुनैद अहमद ने पूछताछ पर बताया कि वह मूलरूप से ग्राम शिवरा थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़ का रहने वाले हैं। वर्ष 2005 में पानी के निकास के विवाद के कारण उसके पिताजी की हत्या उनके पट्टीदार शमीम अहमद, बसारत अली आदि द्वारा की गयी थी। वह अपने अन्य भाईयों/सहयोगियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश/अपने पिता की हत्या का बदले लेने हेतु दिनांक 26.12.2024 को फायरिंग आदि की घटना कारित की गयी थी जिसमें मो0 शमीम अहमद की मृत्यु हो गयी थी। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़ में मु0अ0सं0 194/24 धारा 191(2)/191(3)/190/ 103(1)/351(3)/61(2)ए बीएनएस पंजीकृत है। उक्त मुकदमें में ही उसके दो भाई दिलशाद व फुल्लू गिरफ्तार होकर जेल जा चुके है। घटना के बाद से वह और उसका भाई परवेज गिरफ्तारी से बचने के लिए नागपुर शहर (महाराष्ट्र) में छिपकर रह रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त जुनैद अहमद व परवेज अहमद उपरोक्त को थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 194/24 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1)/351(3)/61(2)ए बीएनएस में दाखिल किया जायेगा तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ द्वारा अमल में लायी जायेगी।

## जनपद सोनभद्र/थाना रॉबर्टसगंज

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 24.08.2025 को थाना रॉबर्टसगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हिनौता रोड़ पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अमित उर्फ प्रिन्स घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद सोनभद्र, चन्दौली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रॉबर्टसगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अमित उर्फ प्रिन्स निवासी बाघी थाना नौगढ़ जनपद चन्दौली।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद बांदा/थाना मटौंध

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट/चोरी के पीली धातु के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 24.08.2025 को थाना मटौंध, थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गोयरा मुगली के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—सलमान 2—साहिल घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट/चोरी के पीली धातु के आभूषण, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 22.08.2025 को थाना को0नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा धोखाधड़ी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे।

इस सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सलमान निवासी टिकरिया टोला थाना बुरहार जनपद शहडोल मध्यप्रदेश।

2—साहिल निवासी चिंचला लालबाग बुरहानपुर मध्यप्रदेश।

**बरामदगी**

1—लूट/चोरी के पीली धातु के आभूषण।

2—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद बाराबंकी/थाना बड्डूपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 26 हजार 70 रूपये नगद**
- **258 ग्राम अवैध मारफीन**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 24.08.2025 को थाना बड्डूपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम टड़वानानकारी के पास से 02 अभियुक्तों 1–दिनेश 2–मनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 26 हजार 70 रूपये नगद, 258 ग्राम अवैध मारफीन, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त मनोज के विरूद्ध जनपद सीतापुर, बाराबंकी के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग एवं अभियुक्त दिनेश के विरूद्ध जनपद सीतापुर, बाराबंकी के विभिन्न थानो में चोरी, एनडीपीएस एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बड्डूपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दिनेश निवासी ग्राम कितुरी थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर।

2–मनोज कुमार निवासी ग्राम कितुरी थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 26 हजार 70 रूपये नगद।

2–258 ग्राम अवैध मारफीन।

3–01 मोटर साइकिल आदि।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना मोहनलालगंज

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 09 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 24.08.2025 को थाना मोहनलालगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों 1–अभिषेक उर्फ भोदू 2–आरजू 3–इश्तियाक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 09 मोटर साइकिल आदि बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त आरजू के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में डकैती, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग, अभियुक्त अभिषेक के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ, जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 10 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना मोहनलालगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–अभिषेक उर्फ भोदू निवासी हाथी का पुरवा थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकी।

2–आरजू निवासी मामापुर थाना देवा जनपद बाराबंकी, हालपता डूडा कॉलोनी हरिदासी खेड़ा थाना चिनहट कमिश्नरेट लखनऊ।

3–इश्तियाक निवासी जम्मीकला थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर, हालपता सन्तपुरम थाना इन्दिरानगर कमिश्नरेट लखनऊ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 09 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद सहारनपुर/थाना मिर्जापुर

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 500 ग्राम अवैध स्मैक**
- **01 दो पहिया, 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 23.08.2025 को थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मिर्जापुर पोल से ग्राम रायपुर जाने वाले रास्ते से 03 अभियुक्तों 1–हरपाल 2–तस्लीम उर्फ भूरा 3–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 500 ग्राम अवैध स्मैक, 01 दो पहिया, 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मिर्जापुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–हरपाल निवासी गुलड़िया थाना मीरगंज जनपद बरेली।

2–तस्लीम उर्फ भूरा निवासी रायपुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर।

3–अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 500 ग्राम अवैध स्मैक।

2–01 दो पहिया, 01 चार पहिया वाहन आदि।

## जनपद सीतापुर/थाना कोतवाली नगर

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 128 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **34 नकली क्यू0आर0कोड़, 04 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 23.08.2025 को थाना कोतवाली नगर, आबकारी विभाग व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिजौरा पुल के पास से 04 अभियुक्तों

1–संदीप 2–अमित 3–साहिल 4–अंकित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 128 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 34 नकली क्यू0आर0कोड़, 04 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–संदीप निवासी बराही थाना लाइन पार जनपद झज्जर हरियाणा।

2–अमित निवासी हरजोटली जट थाना मंगलोर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड।

3–साहिल निवासी भगतपुरा थाना सिविल जनपद सोनीपत हरियाणा।

4–अंकित निवासी रामनगर कॉलोनी थाना कोतवाली नगर सोनीपत हरियाणा।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 128 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2–34 नकली क्यू0आर0कोड़, 04 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन आदि।

––––––